2. उत्तराखण्ड राज्य के ऐसे स्थाई/मूल निवासी अभ्यर्थी जिनके द्वारा हाईस्कूल, 10+2 तथा जी0एन0एम0 परीक्षाओं में से तीनो अथवा कोई एक अथवा कोई दो परीक्षाऐं उत्तराखण्ड राज्य के बाहर स्थित किसी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान से उत्तीर्ण की हो,

**अथवा**

3. ऐसे अभ्यर्थी, जो उत्तराखण्ड राज्य के स्थाई/मूल निवासी नहीं हैं तथा जिनके द्वारा हाईस्कूल तथा 10+2 अथवा समकक्ष दोनों परीक्षाऐं उत्तराखण्ड राज्य में स्थित किसी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान से उत्तीर्ण करने के उपरांत, उत्तराखण्ड राज्य में स्थित किसी मान्यता प्राप्त नर्सिंग स्कूल से अर्हता परीक्षा जी0एन0एम0 उत्तीर्ण की हो, परीक्षा में बैठने हेतु अर्ह होगें। परन्तु वे किसी आरक्षित सीट का दावा नही करेगें।

   **(पोस्ट बेसिक बी0एस0सी0 नर्सिंग पाठ्यक्रम हेतु वर्ष 1987 में अथवा वर्ष 1987 से पूर्व इन्टरमीडियट (10+2) के स्थान पर 10+1 परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी भी प्रवेश हेतु अर्ह होगें।**

- **एम0एस0सी0 /एन0पी0सी0सी0 नर्सिंग पाठ्यक्रम हेतु –**

1. ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने उत्तराखण्ड राज्य स्थित किसी मान्यता प्राप्त कॉलेज/संस्थान से बी0एस0सी0 नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बी0एस0सी0 नर्सिंग परीक्षा न्यूनतम 55 प्रतिशत औसत अकों से उत्तीर्ण की हो तथा उत्तराखण्ड राज्य का मूल/स्थाई निवासी है,

**अथवा**

2. ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने उत्तराखण्ड राज्य के बाहर स्थित किसी मान्यता प्राप्त कॉलेज/संस्थान से बी0एस0सी0 नर्सिंग/ बी0एस0सी0 (ओनर्स) नर्सिंग/ पोस्ट बेसिक बी0एस0सी0 नर्सिंग परीक्षा न्यूनतम 55 प्रतिशत औसत अकों से उत्तीर्ण की हो तथा उत्तराखण्ड राज्य का मूल/स्थाई निवासी है,

**अथवा**

3. ऐसे अभ्यर्थी, जो उत्तराखण्ड राज्य के स्थाई/मूल निवासी नहीं हैं तथा जिन्होने उत्तराखण्ड राज्य स्थित किसी मान्यता प्राप्त कॉलेज/संस्थान से बी0एस0सी0 नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बी0एस0सी0 नर्सिंग परीक्षा न्यूनतम 55 प्रतिशत औसत अकों से उत्तीर्ण की हो, परीक्षा में बैठने हेतु अर्ह होगें। परन्तु वे किसी आरक्षित सीट का दावा नही करेगें।
4. बी0एस0सी0 नर्सिंग/ बी0एस0सी0 (ओनर्स) नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बी0एस0सी0 नर्सिंग परीक्षा उत्तीर्ण करने वाला संस्थान आई0एन0सी0/संबंधित स्टेट नर्सिंग काउन्सिल से मान्यता प्राप्त होना चाहिए।
5. बी0एस0सी0 नर्सिंग परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् 01 वर्ष का कार्य अनुभव होना चाहिए।
6. एम0एस0सी0 नर्सिंग पाठ्यक्रम हेतु बी0एस0सी0 नर्सिंग अभ्यर्थियों को बी0एस0सी0 नर्सिंग परीक्षा उर्त्तीण करने के उपरान्त संबधित राज्य की नर्सिग काउन्सिल में पंजीकरण के उपरान्त 01 वर्ष का कार्यानुभव होना आवश्यक है।
7. पोस्ट बेसिक बी0एस0सी0 नर्सिंग परीक्षा उत्तीर्ण करने से पूर्व अथवा पश्चात् में 01 वर्ष का कार्य अनुभव होना चाहिए।
8. पोस्ट बेसिक बी0एस0सी0 नर्सिंग एवं एम0एस0सी0 नर्सिंग प्रवेश परीक्षा हेतु सरकारी /गैर सरकारी सेवाओ में कार्यरत कार्मिको की आयु 50 वर्ष से कम होनी चाहियें।

3.4 भारतीय नर्सिग परिषद के निर्देशानुसार बी0एस0सी0 नर्सिगं पाठ्यक्रम की अर्हकारी परीक्षा हेतु निर्धारित न्यूनतम अर्हता प्रतिशत मे अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों हेतु 5 प्रतिशत की छूट होगी।

